# पत्नी की गला रेतकर हत्या, दरवाजा खुलते ही सहमे पड़ोसी

- चीख सुनकर दौड़े लोग, खून से लथपथ मिली महिला
- पुलिस ने आरोपी पति को मौके से किया गिरफ्तार





**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के व्यस्त चांदनी चौक स्थित सुनार बावड़ी क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे शहर को झकझोर दिया। घर के भीतर से उठ रही चीखें सुनकर पड़ोसी दौड़ते हुए पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कमरे के भीतर खून से लथपथ महिला पड़ी थी और उसका पति वहीं मौजूद था। यह दृश्य देखकर आसपास के लोगों के होश उड़ गए और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय असगर अली ने अपनी 33 वर्षीय पत्नी रुकैया की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के समय घर में दंपती की 7 वर्षीय बेटी और 2 वर्षीय बेटा भी मौजूद थे। इस घटना ने दोनों मासूम बच्चों से उनकी मां का साया छीन लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला की चीख सुनकर वे घर के अंदर पहुंचे तो आरोपी पत्नी के ऊपर बैठा था और उस पर लगातार वार कर रहा था। लोगों को देखकर वह चिल्लाने लगा, जिससे घबराकर पड़ोसी बाहर निकल आए और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

बताया जा रहा है कि घटना के समय आरोपी के माता-पिता घर के ऊपरी हिस्से में नहीं थे। नीचे स्थित हार्डवेयर की दुकान पर मौजूद दादा को वारदात की जानकारी 7 वर्षीय बेटी ने दी। इसके बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।

सूचना मिलते ही माणक चौक थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी असगर अली को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और हत्या में प्रयुक्त हथियार जब्त कर लिया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि हत्या के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और परिजनों व पड़ोसियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। रविवार दोपहर हुई इस वारदात ने पूरे शहर में दहशत और शोक का माहौल पैदा कर दिया।

# बिहार से ब्याहकर रतलाम लाई नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

- घर से रात में रस्सी के सहारे उतरने का प्रयास
- 25 फीट नीचे गिरने से मौत

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** करमदी रोड क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बिहार से विवाह कर महज पांच दिन पहले रतलाम लाई गई 23 वर्षीय युवती की रात में मकान की छत से नीचे उतरने की कोशिश के दौरान गिरने से मौत हो गई। प्रथम दृष्टया मामला हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन विवाह के लिए कथित रूप से लाखों रुपये का लेन-देन और बिचौलियों की भूमिका सामने आने के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है।

पुलिस के अनुसार करमदी रोड निवासी 45 वर्षीय मुकेश पिता रामचंद्र, जो वेल्डिंग का काम करते हैं, का विवाह बिहार के रोहतास जिले के करवंदिया गांव निवासी 23 वर्षीय संध्या चौधरी से 26 जुलाई को हुआ था। परिवार का कहना है कि यह रिश्ता बड़नगर क्षेत्र के एक बिचौलिए के माध्यम से तय हुआ था। पहले साढ़े तीन लाख रुपये की मांग की गई थी, बाद में 2.60 लाख रुपये में विवाह तय हुआ। 27 जुलाई को संध्या को रतलाम लाया गया था। घटना 30 जुलाई की रात की है।

मुकेश के मुताबिक दोनों दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सोए थे, जबकि उनकी मां नीचे थीं। रात करीब दो बजे उनकी नींद खुली तो पत्नी कमरे में नहीं मिली। पहले लगा कि वह शौचालय गई होगी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आने पर पड़ोसियों की मदद से तलाश शुरू की गई। मकान के पीछे रेत के ढेर पर संध्या अचेत अवस्था में मिली। सूचना पर पुलिस पहुंची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि संध्या तीसरी मंजिल की छत पर पहुंची थी। वहां मचान बांधने में इस्तेमाल होने वाली पुरानी नारियल की रस्सी को दोहरा कर नीचे उतरने का प्रयास किया गया। करीब 10 फीट नीचे पहुंचने पर रस्सी टूट गई और वह लगभग 25 फीट नीचे सिर के बल रेत के ढेर पर गिर गई। गंभीर अंदरूनी चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर एफएसएल अधिकारी डॉ. अतुल मित्तल और सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

मामले का एक और अहम पहलू तब सामने आया, जब मृतका के परिजनों को सूचना देने के बावजूद वे बिहार से रतलाम नहीं पहुंचे। वहीं, परिवार का आरोप है कि विवाह कराने वाले मुख्य बिचौलिए राजेश से संपर्क करने पर उसने पहले परिजनों को बुलाने में टालमटोल की और बाद में सल्फास खाकर आत्महत्या करने की धमकी दी।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 7 से

**रतलाम।** प्रदेश शासन द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का संचालन 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक किया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन विभागीय अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर आम नागरिकों से संवाद करेंगे, शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का मौके पर निरीक्षण करेंगे। अभियान के दौरान विभागीय प्रमुख, संभागीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से फील्ड भ्रमण करेंगे। प्रत्येक शुक्रवार को अनावश्यक समीक्षा बैठकों का आयोजन नहीं किया जाएगा, ताकि अधिकारी अधिकतम समय क्षेत्र में रहकर जनसमस्याओं का समाधान कर सकें। अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाएगी और शिकायतों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभागाध्यक्षों को भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रत्येक शुक्रवार क्षेत्र भ्रमण कर विभागीय कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य शासन ने सभी विभागों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान सादगी, संवेदनशीलता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे आम नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

### रतलाम में अब तक 355.50 मिमी बारिश

**रतलाम।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 355.50 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में रतलाम जिले में 8.75 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में आलोट में 6.00 मि.मी., जावरा में 2.00 मि.मी., ताल में 0.0 मि.मी., पिपलोदा मे 7.0 मि.मी., बाजना में 14.0 मि.मी., रतलाम में 22.0 मि.मी., रावटी में 6.0 मि.मी. एवं सैलाना में 13.0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र आलोट में 386.0 मि.मी., जावरा में 380.0 मि.मी., ताल में 273.0 मि.मी., पिपलोदा में 395.0 मि.मी., बाजना में 240.0 मि.मी., रतलाम में 515.0 मि.मी., रावटी में 307.0 मि.मी. एवं सैलाना में 348.0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

### किसान 17 तक ले सकेंगे फसल बीमा का लाभ

**रतलाम।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भगवान सिंह अर्गल ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 की अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि फसल बीमा पोर्टल के अनुसार 31 जुलाई 2026 से बढ़ाकर 17 अगस्त 2026 कर दी गई है। अब कृषक अपनी फसलों का बीमा 17 अगस्त 2026 तक करा सकते है। रतलाम जिला अल नीनो से प्रभावित जिलों की सूची में सूचीबद्ध किया गया है। अलनीनों के कारण रतलाम जिले में मौसम की अनिश्चितता एवं कम वर्षा की स्थिति हो सकती है। जिसके कारण फसलों पर मौसम का प्रतिकूल प्रभाव होने की संभावना है तथा मौसम की अनिश्चितता के कारण फसलें क्षतिग्रस्त हो सकती है। किसान भाईयों से अनुरोध किया जाता है कि मौसम की अनिश्चितता तथा अल नीनों के कारण फसलों की संभावित क्षति को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में बैंक जाकर अपनी फसलों का बीमा कराएं, जिससे फसलों की नुकसानी की स्थिति में कृषकों को फसल बीमा दावा राशि प्राप्त हो सके। शासन द्वारा मौसम की अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए कृषकों द्वारा फसल बीमा कराए जाने की तिथि 31 जुलाई 2026 से बढ़ाकर 17 अगस्त 2026 की गई है। किसान भाईयों से अपील की जाती है कि इस अवसर का लाभ लेते हुए फसल बीमा कराएं।

### स्काउट स्कार्फ सम्मान, अनुशासन का संदेश



**जावरा।** विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस के अवसर पर 1 अगस्त को शासकीय सांदीपनि विद्यालय में प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट्स ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए श्रमदान किया तथा स्वच्छता एवं हरित वातावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान यूनिट लीडर चांद मोहम्मद ने विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र बोस, उपप्राचार्य संजय श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ शिक्षकों को स्काउट स्कार्फ पहनाकर उसका महत्व बताया। इस अवसर पर वर्षा तिवारी, हर्षा नामदेव, सुनील सोनी एवं कामिनी खान ने विद्यार्थियों को स्काउट एवं गाइड के उद्देश्य, नियमों तथा जीवन में उनके महत्व से अवगत कराया। वहीं प्राचार्य बोस, उपप्राचार्य श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ शिक्षक अपार सिंह गंभीर ने विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देते हुए सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में आमीन मंसूरी, शेख मोहम्मद, मदन मकवाना, हेमंत मोड़, पवन अटोलिया सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन यूनिट लीडर चांद मोहम्मद ने किया।

# लहसुन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार

- चोरी के 8 कट्टे लहसुन और वारदात में इस्तेमाल वाहन सहित रुपए जब्त



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम/नामली।** जिले में खेतों और सुनसान मकानों को निशाना बनाकर कृषि उपज चोरी करने वाले गिरोह का नामली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और लगातार की गई पतारसी के आधार पर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 8 कट्टे लहसुन तथा वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की ईको वाहन जब्त की है। जब्त मश्रुका की कुल कीमत 4 लाख 15 हजार 400 रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार ग्राम पलदूना निवासी प्रहलाद धाकड़ ने 26 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके नए मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश छह-सात कट्टे लहसुन चोरी कर ले गए। मकान में कृषि उपज रखी जाती थी और घटना रात के समय हुई थी। शिकायत पर नामली थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। संदिग्ध ईको वाहन की आवाजाही और तकनीकी इनपुट के आधार पर बड़ावदा निवासी मोहम्मद हुसैन कुरेशी तक पुलिस पहुंची। पूछताछ में अपराध स्वीकार करने के बाद उसकी निशानदेही पर ग्राम बनवाड़ा निवासी राजू दमामी और सरवन नायक बाछड़ा को भी गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 8 कट्टे लहसुन और वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की ईको वाहन जब्त की। अब आरोपियों से क्षेत्र में हुई अन्य चोरी के संबंध में भी पूछताछ की जा रही हैं।

# विश्व आदिवासी दिवस पर मध्य प्रदेश में सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग

**नव भारत न्यूज**

**सैलाना।** विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को पूरे मध्यप्रदेश में शासकीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। सैलाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश्वर डोडियार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेशभर में 9 अगस्त को सरकारी अवकाश घोषित करने का आग्रह किया है।

विधायक का कहना है कि यह निर्णय प्रदेश के करोड़ों आदिवासी समाज की भावनाओं का सम्मान करने के साथ-साथ उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उचित पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। विधायक डोडियार द्वारा 1 अगस्त 2026 को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि विश्व आदिवासी दिवस प्रतिवर्ष 9 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिन आदिवासी समुदायों की संस्कृति परंपरा इतिहास संवैधानिक अधिकारों तथा मानव सभ्यता में उनके अमूल्य योगदान का सम्मान किया जाता है। ऐसे में आदिवासी बहुल राज्य मध्यप्रदेश में इस दिवस को विशेष महत्व के साथ मनाया जाना आवश्यक है।

# प्रतिभावान छात्रों का सम्मान कर मनाई प्रभुदयाल गेहलोत की पुण्यतिथि



**नव भारत न्यूज**

**सैलाना।** मालवा के गांधी, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक स्व. प्रभुदयाल गेहलोत की 9वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को स्थानीय मोती बंगला स्थित मांगलिक भवन में श्रद्धांजलि सभा एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ।

वक्ताओं ने कहा कि स्व. प्रभुदयाल गेहलोत ने जीवन जनसेवा, शिक्षा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके आदर्श समाज को प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभु राठौड़, कांग्रेस नेता फैय्याज मंसूरी, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप कुमावत, बिलपांक ब्लॉक अध्यक मंगल पाटीदार,नामली ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पाटीदार,जिला संगठन मंत्री जगदीश पाटीदार,राधेश्याम पाटीदार,बद्रीलाल काग, किसान कांग्रेस अध्यक्ष किशोर पाटीदार, कारुलाल निनामा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश कुमावत, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला, पार्षद मंगलेश कसेरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश सोनी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मांडोत, महेश सांवरिया, देवेंद्र सोलंकी, पूर्व पार्षद हेमंत कुमावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

गेहलोत के ज्येष्ठ पुत्र राजेश गेहलोत, पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गेहलोत, पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत तथा पौत्र हनी गेहलोत ने गेहलोत की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का किया आयोजन




**रतलाम।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत 'मेरा युवा भारत' द्वारा शासकीय पी. एम. श्री माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, रतलाम में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का आयोजन किया गया।

उपस्थित युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को अत्यंत उत्साहपूर्वक सुना और देश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के प्राचार्य गणतंत्र मेहता, जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, शिक्षक पंकज मुकाती, निलेश जैन, अशोक सैनी, श्रीमती रुखमणी राठौर एवं सुश्री सुलोचना रायकवाल उपस्थित रहे। इसके साथ ही सामाजिक न्याय विभाग से उप संचालक श्रीमती संध्या शर्मा एवं रवि जैन ने विशेष रूप से सहभागिता की। अभियान के दौरान उपस्थित युवाओं को नशे के गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। सभी छात्राओं और उपस्थित युवाओं ने नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ लेकर समाज को व्यसन मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे आगामी 100 सप्ताह तक चलने वाले इस 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' से सक्रिय रूप से जुड़ें।

# ढोढर पुलिस ने 100 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ 2 आरोपियों को पकड़ा

**जावरा।** पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 लाख रुपये कीमत की 100 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब ड्रग्स के स्रोत और पूरे सप्लाई नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी ने बताया कि उक्त कार्रवाई एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में ढोढर चौकी पुलिस ने की है।

सूचना पर मोरिया रोड पर स्कुटी से एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर तहसील कार्यालय के सामने घेराबंदी कर वसीम उर्फ बना (30), निवासी जनता कॉलोनी जावरा को पकड़ा और तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये बताई गई। पुलिस ने ड्रग्स के साथ घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त कर ली। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मोहम्मद शमी (29) निवासी महावीर कॉलोनी जावरा को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों से ड्रग्स की खरीद-फरोख्त और इस नेटवर्क से जुड़े लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# तेज रफ्तार बलेनो से हादसा, वृद्ध घायल

**रतलाम।** गीता मंदिर रोड क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसा 13 जुलाई 2026 की शाम करीब 6:15 बजे कृष्णा छाछ के सामने हुआ, जहां सड़क पार कर रहे 70 वर्षीय कन्हैयालाल लोहाना निवासी शक्ति नगर गली नंबर 4 को बलेनो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद घायल वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में उनके पुत्र शुभम लोहाना ने स्टेशन रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार मारुति बलेनो कार क्रमांक एमपी 13 एएफ 8451 का चालक वाहन को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ।



# पहला सावन आज : गूंजेगा हर-हर महादेव

**जावरा।** आज से पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार की शुरुआत हो रही है। इस वर्ष कुल चार सावन सोमवार पड़ेंगे, दूसरा सावन सोमवार 10 अगस्त, तीसरा सावन 17 अगस्त और चौथा सावन सोमवार 24 अगस्त को रहेगा, जिससे भक्तों को महादेव की विशेष उपासना के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। शहर के सभी प्रमुख शिव मंदिर इस अवसर के लिए पूरी तरह तैयार हैं और दुल्हन की तरह सजे हुए हैं। विशेषकर, जागनाथ महादेव मंदिर अपनी भव्य विद्युत सज्जा के साथ भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है, और सावन सोमवार को अत्यंत शुभ माना जाता है। भक्त सुबह से ही मंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक के लिए उमड़ेंगे। इस वर्ष, रक्षाबंधन भी श्रावण मास में ही मनाया जाएगा।

**एक नजर में** — गीता भवन चौराहे से निकलेगी किसान रैली, जावरा-पिपलोदा के किसान संगठनों का साझा फैसला

# किसान फसल बीमा, समस्याओं को लेकर घेरेंगे एसडीएम कार्यालय



**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** क्षेत्र के किसानों और मजदूरों की लंबे समय से लंबित समस्याओं को लेकर जावरा-पिपलोदा के समस्त किसान संगठनों ने एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। जावरा में आयोजित किसान संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाले मंगलवार, 4 अगस्त को प्रातः 11 बजे गीता भवन चौराहे से एसडीएम कार्यालय तक विशाल किसान रैली निकाली जाएगी और वहां उग्र धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

किसान नेताओं ने बताया कि क्षेत्र का किसान आज कई बुनियादी और प्रशासनिक समस्याओं से जूझ रहा है। इस महाआंदोलन के माध्यम से शासन-प्रशासन के समक्ष निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखी जाएंगी। जिसमें वर्ष 2025 की पात्र किसानों को अविलंब फसल बीमा की राशि स्वीकृत एवं वितरित की जाए। फसलों को तबाह कर रहे जंगली जानवरों से किसानों को मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन ठोस कदम उठाए। सेजवाता रोड, बिनोली रोड तथा खेतों के आवागमन रास्तों के विवादों का स्थायी समाधान किया जाए। जावरा से रोला, भड़का एवं असावती की लंबे समय से अटकी पुलियाओं का निर्माण कार्य तुरंत शुरू कराया जाए। स्वामित्व योजना के तहत हुए ड्रोन सर्वे के बाद भी आधे से अधिक गांवों के ग्रामीणों को उनके संपत्ति अधिकार पत्र (पट्टे) नहीं मिल पाए हैं, जिन्हें जल्द प्रदान किया जाए।

**राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से समर्थन का आह्वान**

जावरा-पिपलोदा के समस्त किसान समाज की ओर से अपील की गई है कि यह लड़ाई केवल किसी एक वर्ग की नहीं, बल्कि समूचे किसान और मजदूर वर्ग के हक की है। इसलिए सभी *राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं एवं आम नागरिकों से आह्वान किया गया है कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर 4 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में गीता भवन चौराहे पहुंचे और किसानों के इस महाआंदोलन को सफल बनाएं।

**बैठक में ये प्रमुख किसान नेता रहे मौजूदः** जावरा में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से किसान नेता दिलीप पाटीदार धामेडी, आशीष शर्मा पंचेवा , रमेश धाकड़ जावरा, यूसुफ पठान समेत जावरा-पिपलोदा क्षेत्र के किसान प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।